

# लामडिंग दर्पण

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

वर्ष 4 | अंक 13 | जनवरी-मार्च 2013

### मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

लामडिंग मंडल क्षेत्र की जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए गाड़ी संचलन के समय-पालन में उत्कृष्टता लाने के लिए मानव रहित समपार फाटकों को बंद करने तथा गति प्रतिबंध हटाने का भरसक प्रयास कर रहा है। यात्रियों के सुख-साधन में भी सुधार लाने का प्रयास लगातार जारी है। मंडल के सभी स्टेशनों में अनारक्षित टिकट प्रणाली तथा महत्वपूर्ण स्टेशनों में अनारक्षित टिकट प्रणाली के साथ-साथ यात्री आरक्षण प्रणाली स्थापित किया जा चुका है। इसके अलावा क्षेत्र के प्रमुख शहरों में गैर रेल हेड यात्री आरक्षण प्रणाली स्थापित की गई है। कामाख्या स्थित मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री के बेहतर रख-रखाव और इसमें लिनन के धुलाई की गुणवत्ता से प्रभावित होकर सदस्य यांत्रिक, रेलवे बोर्ड, श्री केशव चंद्रा ने मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री टीम के लिए पचास हजार रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की। रेल कर्मियों की समर्पित सेवा तथा कुशल मार्गदर्शन के फलस्वरुप मंडल के यात्री, माल, अन्य कोचिंग तथा विविध अर्जन में वृद्धि के साथ-साथ टिकट जॉच अर्जन में भी उल्लेखनीय वृद्धि हासिल हुई है।

'लामडिंग दर्पण' अपने प्रकाशन का तीन वर्ष सफलता पूर्वक संपन्न कर चौथे वर्ष में प्रवेश कर रही है इस उपलक्ष्य में मैं इसके संपादक मंडली के साथ-साथ इससे जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी को बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि इसी तरह पत्रिका का नियमित प्रकाशन होता रहेगा और हमेशा की तरह राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में यह अपना योगदान देती रहेगी।

मंडल रेल प्रबंधक ▪

### अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की कलम से.....

हमारे सम्मानित ग्राहकों और कर्मचारियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान में राजभाषा की भूमिका काफी सराहनीय है। अतः इसका प्रयोग-प्रसार बढ़ाकर मंडल न केवल अपने सम्मानित ग्राहकों की सेवा कर रहा है बल्कि राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित कर संवैधानिक जिम्मेवारी भी निभा रहा है।

सूचना प्रौद्योगिकी के विकास के साथ-साथ पत्र-पत्रिकाएं अब इंटरनेट पर भी उपलब्ध होने लगी हैं। ऐसे में 'लामडिंग दर्पण' मंडल की वेबसाईट Lumding division .com पर भी अपने आकर्षक कलेवर के साथ सारगर्भित तथ्यों से पाठकों के मन में अपना स्थान बनाने में सफल हुई है। इसकी बढ़ती मांग और पाठकों के विचार से इसकी पुष्टि हो जाती है। पत्रिका से संबंधित पाठकों के विचार हमारे लिए प्रेरणा-स्रोत हैं। आशा है कि सुधी पाठक मंडल के कार्य-कलापों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करेंगे और पत्रिका से संबंधित विचारों से हमें अनुगृहित करेंगे।

अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

### 64वां गणतंत्र दिवस समारोह

26 जनवरी 2013 को विवेकानंद रेल स्टेडियम में 64वां गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। रेल सुरक्षा बल, रेल सुरक्षा विशेष बल, राष्ट्रीय कैडेट कोर तथा भारत स्काउट एवं गाइड के मार्चफास्ट परेड समारोह का विशेष आकर्षण रहा। इस अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड, लामडिंग द्वारा एक रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल उक्त समारोह के मुख्य अतिथि रहे।



64वां गणतंत्र दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री राकेश गोयल, मंडल रेल प्रबंधक तथा मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारीगण ।

केन्द्रीय विद्यालय, मंडल रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित रवीन्द्र नर्सरी स्कूल एवं ज्ञानदीप में भी गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण समारोह आयोजित किए गए। इस अवसर पर मंडल रेल महिला कल्याण संगठन, लामडिंग अपनी गतिविधियों में वृद्धि करते हुए रेलवे के महिलाओं एवं बच्चों को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया।



गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा प्रस्तुत रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का दृश्य।

## सदस्य (यॉत्रिक) रेलवे बोर्ड का कामाख्या दौरा

श्री केशव चन्द्रा, सदस्य (यॉत्रिक) रेलवे बोर्ड ने 9 मार्च 2013 को मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री, कामाख्या का दौरा किया। इस अवसर पर एक प्रस्तुति के माध्यम से मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री के कार्य-कलाप, इसमें बढ़ते हुए कामकाज के तौर-तरीके तथा लॉन्ड्री के भावी विस्तार पर प्रकाश डाला गया।



मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री, कामाख्या में मशीनों पर कार्यरत लॉन्ड्री के कर्मचारियों का दृश्य।

सदस्य (यॉत्रिक) ने धूले हुए लिनन की गुणवत्ता, मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री के रख-रखाव एवं कार्य-कलापों के लिए लामडिंग मंडल की मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री के पेशेवर प्रयासों की प्रशंसा की तथा मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री के टीम द्वारा किए जा रहे इस उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्होंने ₹ 50,000/- की नकद पुरस्कार राशि की घोषणा की।



मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री, कामाख्या के निरीक्षण के दौरान श्री केशव चन्द्रा, सदस्य (यॉत्रिक) रेलवे बोर्ड तथा मुख्यालय एवं मंडल के पदाधिकारी।

## सफाई को प्रभावित करनेवाली गतिविधियों के लिए दंड का अधिरोपण

मंडल के स्टेशनों में स्वस्थकर वातावरण तैयार करने एवं यात्रियों की जागरूकता हेतु स्टेशन परिसरों में बैनर लगाए गए तथा जन उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से स्वच्छता से संबंधित विभिन्न उद्घोषणाएं की जाती है और उल्लंघन करने वालों को जुर्माना भी लगाया जाता है। अवधि के दौरान स्टेशन परिसरों में स्वच्छता को प्रभावित करनेवाली गतिविधियों में लिप्त पाए गए कुल 195 व्यक्तियों को जुर्माना लगाकर ₹ 20650/- की धनराशि दंड स्वरुप वसूली गई।

**चरित्र की शुद्धि ही सारे ज्ञान का ध्येय होनी चाहिए।**

## स्टील गर्डर को पीएससी स्लैब से बदलना

लामडिंग-फरकाटिंग सेक्शन में 6.10 मीटर लम्बे ब्रिज सं. 215 में 2×6.10 मीटर, 1×12.20 मीटर स्पान के दो स्टील गर्डरों को पीएससी स्लैब से बदलवाया गया। इस प्रकार एक ब्रिज के दो गर्डरों को बदलने के वार्षिक लक्ष्य को पूरा कर लिया गया।



लामडिंग-फरकाटिंग सेक्शन में ब्रिज सं.215 के स्टील गर्डरों को पीएससी स्लैब से बदलने का दृश्य।

## पीक्यूआरएस प्रणाली के अधीन रेल पथ सुदृढ़ीकरण

लामडिंग मंडल के मीटर लाइन सेक्शन में कुमारघाट-मानु स्टेशनों के बीच पीक्यूआरएस मशीन द्वारा 11 कि.मी. के टीएसआर (पी) कार्य की योजना बनाई गयी थी। फरवरी में इस कार्य को प्रारंभ कर मार्च 2013 तक 6.40 कि.मी का अनुपातिक लक्ष्य हासिल किया गया। इस प्रकार मीटर लाइन सेक्शन में दोहरी गेज पीएससी स्लीपरों को लगाए जाने का कार्य प्रगति पर है।



कुमारघाट-मानु सेक्शन में पीक्यूआरएस प्रणाली द्वारा किए जा रहे कार्य का दृश्य।

## कामाख्या में स्टेबलिंग लाइन का निर्माण

कामाख्या स्टेशन पर रेकों के बेहतर रख-रखाव कि लिए अवधि के दौरान स्टेशन के न्यू कोचिंग परिसर में दो नए स्टेबलिंग लाइनों का निर्माण किया गया। इनसे रेकों का रख-रखाव सुविधाजनक तरीकों से किया जा सकेगा।

## गाड़ी समय पालन

बीजी गाड़ियों का समय पालन पिछले वर्ष की समान अवधि के 75% की तुलना में जनवरी-मार्च 2013 में 92% रहा जो कि गत वर्ष की तुलना में 17% अधिक है। एमजी गाड़ियों का समय पालन पिछले वर्ष की समान अवधि के 29% की तुलना में जनवरी-मार्च 2013 में 74% रहा जो कि गत वर्ष की तुलना में 45% अधिक है।

## समपार फाटकों को बंद करना

रेल दुर्घटना के मामले में समपार फाटक अत्यंत संवेदनशील माने जाते हैं। अवधि के दौरान सेनचोवा–सिलघाट सेक्शन में सीएस–1, सीएस–21, सीएस–22, सीएस–31, सीएस–33, सीएस–38, सीएस–39, सीएस–43, सीएस–52, सीएस–58, सीएस–66, नारंगी–लामडिंग सेक्शन में एसटी–31 एवं एसटी–46, सेनचोवा–मैराबाड़ी सेक्शन में एसएम–47 तथा बराईग्राम–अगरतला सेक्शन में बीएस–33 समपार फाटकों को बंद किया गया। इस प्रकार वर्ष 2012–13 के लिए निर्धारित कुल 15 समपार फाटकों को बंद किए जाने के लक्ष्य को मार्च 2013 तक शत प्रतिशत हासिल कर लिया गया।



धरमतुल–ठेकरागुड़ी स्टेशनों के बीच कि.मी. 93/1–2 पर अवस्थित समपार फाटक सं. एसटी–31 को बंद किए जाने का दृश्य

## विश्व टी.वी. दिवस का पालन

24 मार्च 2013 को विश्व तपेदिक दिवस के अवसर पर मंडल चिकित्सालय, लामडिंग के लेक्चर हॉल में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। चिकित्सालय के सभी डाक्टर, नर्स एवं पैरा मेडिकल कर्मचारियों ने इस सेमिनार में हिस्सा लिया। डॉ. एन. के. यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/प्रभारी तथा डॉ. स्वपना दैमारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/प्रशासन ने अपने भाषण में तपेदिक से निदान तथा इसका सही उपचार आदि विषयों पर अपने–अपने विचार रखे।




विश्व तपेदिक दिवस के सेमिनार को संबोधित करते हुए डॉ. एन.के.यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/प्रभारी,लामडिंग।

## बहुउद्देश्य स्वास्थ्य जॉच सह वेलनेस कार्यक्रम

मंडल के स्टेशनों/कार्यालयों में समय–समय पर स्वास्थ्य जॉच कैंप का आयोजन कर रेल कर्मचारियों तथा उनके परिजनों का स्वास्थ्य जॉच किया जाता है। साथ ही लोगों को विभिन्न रोगों के बारे में जागरूक भी किया जाता है। 27 फरवरी 2013 को जागीरोड स्टेशन में बहुउद्देश्य स्वास्थ्य जॉच सह वेलनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम

मंडल में पॉच साल से कम उम्र के बच्चों को पोलियो से मुक्त रखने के उद्देश्य से पूरे मंडल में रेल कालोनियों, स्टेशनों, पैसेंजर/मेल/एक्सप्रेस आदि गाड़ियों में 20 जनवरी से 22 जनवरी 2013 तथा 24 फरवरी से 26 फरवरी तक दो चरणों में विशेष कार्यक्रम के अधीन कुल 17059 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।



मुख्य चिकित्सा अधीक्षक तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/प्रशासन बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाते हुए।

## कार्मिक कल्याण

मंडल में जनवरी–मार्च 2013 की अवधि में समूह 'ग' में अनुकंपा के आधार पर 7 उम्मीदवारों को रेल सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई। इस अवधि में अधिवर्षिता के आधार पर 122 तथा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के कुल 5 मामलों का निपटान किया गया।




सेवानिवृत्ति के लिए आयोजित निपटारा बैठक का दृश्य

## मंडल का अर्जन

**यात्री अर्जनः** गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में जनवरी–मार्च 2013 के दौरान यात्रियों की संख्या में 629179 की वृद्धि होने के फलस्वरूप गत वर्ष के ₹ 94.50 करोड़ की तुलना में ₹ 111.57 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार यात्री अर्जन में कुल ₹ 17.07 करोड़ की वृद्धि हुई है।

**माल अर्जन :** मंडल में कोयला, खनिज तेल आदि आय के प्रमुख स्रोत हैं। जनवरी–मार्च 2013 के दौरान माल अर्जन से कुल ₹ 38.07 करोड़ की प्राप्ति हुई।

**अन्य कोचिंग अर्जन :** गत वर्ष की समान अवधि की ₹ 13.05 करोड़ की तुलना में जनवरी–मार्च 2013 में ₹ 20.12 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार अन्य कोचिंग अर्जन में कुल ₹ 7.07 करोड़ की वृद्धि हुई।

**अन्य विविध अर्जन :** जनवरी–मार्च 2013 के दौरान इंजीनियरी के विविध प्राप्तियों सहित अन्य विविध प्राप्तियों से ₹ 3.28 करोड़ का अर्जन हुआ।

## संरक्षा अभियान

मंडल में संरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सड़क प्रयोक्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र की जनता तथा स्कूली बच्चों को रेलवे समपार फाटकों विशेषकर मानव रहित समपार फाटकों पर सावधानी बरतने के लिए विविध जानकारियाँ प्रदान की गई। इस दौरान मंडल के समपार फाटकों पर संरक्षा से संबंधित विविध पैम्फलेट वितरित करवाए गए। मानवरहित समपार फाटकों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया तथा स्टेशनों, क्रू-लॉबी एवं रनिंग रुमों में संरक्षा संगोष्ठियों का आयोजन कर रेल कर्मियों को भी संरक्षा के प्रति जागरुक किया गया।



मानवरहित समपार फाटक पर आयोजित नुक्कड़ नाटक का दृश्य।

## मीटर लाइन सेक्शन में एडीएम फोन

मंडल के मीटर लाइन के मंदरडिसा, हातीखाली, लांगटिंग, मुपा, माईबांग, डिजाब्रा, माहुर, माइग्रेनडिसा, लोअर हाफलांग, बागेतार, माइलंगडिसा तथा हारंगाजाओ आदि स्टेशनों में वी-सेट रुटर सहित वी-सेट एंटीना एवं एसीएलसी उपकरण लगाए गए।

ऐसे उपकरण की व्यवस्था भारतीय रेल में पहली बार हुआ है जिसमें वी-सेट संचार के माध्यम से रेलवे एडीएम फोन स्थापित किए गए हैं।




रेलवे एडीएम फोन के लिए स्थापित वी-सेट संचार माध्यम का दृश्य

## यॉत्री सुविधाएं

**अनारक्षित टिकट प्रणाली के अतिरिक्त काउंटर का शुभारंभः** अनारक्षित टिकटों की बढ़ती मांग को देखते हुए सरुपथार तथा लामडिंग स्टेशनों पर एक-एक अतिरिक्त अनारक्षित टिकट प्रणाली

**अनारक्षित टिकट सह यात्री आरक्षण प्रणाली :** बराईग्राम तथा पाथरकांदि स्टेशनों पर 02 जनवरी 2013 को अनारक्षित टिकट सह यात्री आरक्षण प्रणाली का शुभारंभ किया गया।

## राजभाषा की गतिविधियाँ

### मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल की अध्यक्षता में 22 मार्च 2013 को मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लामडिंग की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित विविध मदों के अनुरुप मंडल में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में अधिकाधिक वृद्धि लाने हेतु विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।



मंडल रेल प्रबंधक, श्री राकेश गोयल की अध्यक्षता में 22 मार्च 2013 को आयोजित मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का दृश्य।

### हिंदी कार्यशाला

हिंदी में कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर्मचारियों को हिंदी में काम करने की झिझक को दूर करने के लिए मंडल मुख्यालय तथा बाहर स्थित कार्यालयों/स्टेशनों में प्रति वर्ष हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता है। जनवरी-मार्च 2013 के दौरान कुल 3 हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन कर 68 कर्मचारियों को दैनिक सरकारी कामकाज के विविध विषयों में हिंदी के प्रयोग से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान दिलवाया गया।




वरिष्ठ मंडल यॉत्रिक इंजीनियर/डीजल/लामडिंग के कार्यालय में आयोजित हिंदी कार्यशाला का दृश्य

### हिंदी भाषा प्रशिक्षण

जनवरी-मई/2013 सत्र में लामडिंग, बदरपुर, अगरतला तथा गुवाहाटी क्षेत्र के लिए परीक्षा केन्द्र स्थापित कर हिंदी प्रवीण एवं प्राज्ञ परीक्षा के कुल 100 कर्मचारियों को हिंदी भाषा प्रशिक्षण के लिए नामित किया गया।

| संरक्षक | मुख्य संपादक | संपादन एवं सहयोग | |
|---|---|---|---|
| राकेश गोयल<br>मंडल रेल प्रबंधक | सतीश कोठारी<br>अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी | एस. पी. यादव<br>वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय | आर. के. कोईरी<br>राजभाषा अधिकारी |